# न्यायालय, अनुमंडल दण्डाधिकारी, बगोदर-सरिया (गिरिडीह)

**वाद संख्या- 128/2024 (भा0ना0सु0सं0 की धारा 163)**

**मोहम्मद अकबर ----------------- प्रथम पक्ष**

**बनाम्**

**असगर मियां वगैरह ---------------- द्वितीय पक्ष**

## आदेश

| | |
|---|---|
| 31-10-24 | थाना प्रभारी सरिया के जाँच प्रतिवेदन (ज्ञापांक 1485/24 दिनांक 27.07.2024) के आधार पर भू-विवाद के कारण लोक परिशांति भंग होने की संभावना के कारण निम्नलिखित विवरण वाले भूमि :-<br>मौजा- केशवारी, थाना- सरिया, जिला- गिरिडीह, खाता नं0- 141, प्लॉट नं0- 3255, रकबा- 4 डी0, चौहद्दी उ0- परती कदीम, द0- सकीर मियां, पू0- परती कदीम, प0- निज प्रथम पक्ष,<br>पर दिनांक 02.09.2024 को निषेधाज्ञा प्रवृत कर उभय पक्ष को उक्त भूमि पर जाने अथवा कोई कार्य किए जाने से प्रतिबंधित किया गया। नोटिस निर्गत कर उभय पक्ष से कारण पृच्छा भी की गई।<br>उभय पक्ष अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में प्रस्तुत हुए। प्रथम पक्ष ने आवेदन में उल्लेख किया है कि विवादित भूमि उनकी पत्नी सलीमा खातून के नाम से दर्ज है जो उन्हें अनुमंडल पदाधिकारी गिरिडीह द्वारा बंदोबस्ती वाद सं0- 06/06-07 से "भूमिहीन, गृह विहीनों के लिए गृह स्थल का पर्चा" के द्वारा प्राप्त है जिसका थाना नं0- 30, पंचायत- केशवारी, प्लॉट नं0- 3255, खाता नं0- 141, रकबा- 04 (चार) डी0 है। प्रथम पक्ष के द्वारा उक्त पर्चे की छायाप्रति, सलीमा खातून के नाम की एक लगान रसीद, नक्शा की छायाप्रति, ऑनलाईन पंजी-2 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई।<br>वही दूसरी ओर द्वितीय पक्ष का कहना है कि विवादित भूमि गैरमजरूआ खास खाते की भूमि है। द्वितीय पक्ष का आगे कहना है कि निबंधित केवाला संख्या- 9990 दिनांक 06.09.2005 तथा केवाला सं0- 11401 दिनांक 01.10.2004 से उन्हें भूमि हासिल है।<br>उपरोक्त विवेचन से मै इस निष्कर्ष पर पहुँचता हुँ कि केवाला सं0- 9990 खाता सं0- 17 से संबंधित है तथा केवाला सं0- 11401 खाता सं0- 67 से संबंधित है। स्पष्ट है कि उपरोक्त दोनों केवाला का विवादित भूमि |

से कोई स्पष्ट संबंध स्थापित नहीं हो पा रहा है। अंचल अधिकारी सरिया से स्पष्ट प्रतिवेदन की मांग की गई थी वह भी अप्राप्त है। निर्वाचन कार्य में व्यस्तता के कारण उभय पक्ष को सुन नहीं पाया। इस मध्य वाद कालबाधित हो जाने के कारण किसी निर्णय पर पहुँचना संभव नहीं है।

अतः प्रस्तुत वाद में बिना कोई अंतिम आदेश पारित किए वाद की कार्यवाई समाप्त घोषित की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

31-10-24

अनुमंडल दण्डाधिकारी
बगोदर-सरिया

31-10-24

अनुमंडल दण्डाधिकारी
बगोदर-सरिया

Digitally signed by SANTOSH GUPTA
Date: 2025.01.03 17:08:31 +05:30
Location: 192.168.1.2